# अजय पाल स्टेडियम में अहंकारी रावण के प्रतीक का दहन

नवभारत न्यूज

**पन्ना 3 अक्टूबर। दशहरा का पर्व अजय पाल स्टेडियम में अपनी परंपरा के मुताबिक अहंकारी रावण का प्रतीक का दहन किया गया जिसमें क्षेत्रीय सांसद विष्णु दत्त शर्मा क्षेत्रीय विधायक विजेंद्र प्रताप सिंह की विशेष उपस्थिति रही शाम को ही भगवान की झांकी रेस्ट हाउस अजयगढ़ में सजाई गई फिर भगवान रथ में सवार होकर अपनी प्रथा चलन के मुताबिक अजयगढ़ राज परिवार महलों में पहुंचे वहां पर राज परिवार के द्वारा उनकी पूजा अर्चना की गई।**



इसके बाद पुरानी तहसील से चल जुलूस प्रारंभ हुआ जिसमें भगवान की झांकी आगे उसके बाद काली माता की प्रतिमा इसके बाद सभी दुर्गा प्रतिमा चल जुलूस में चली जिसमें दलदल घोड़ी बैंड बाजे डीजे की धुन में नवयुवक थिरकते रहे कलाकारों द्वारा भी अपनी कला का प्रदर्शन चल जुलूस में रास्ते भर अपनी कला का प्रदर्शन किया गया छोटे बस स्टैंड में हिंदू मुस्लिम नवयुवको ने मिलकर दशहरा के जुलूस में लंगर का इंतजाम किया गया जिसमें शाहिद रफीक आदि का सराहनीय योगदान रहा। चल जुलूस पुरानी तहसील से शुरू होकर नगर का भ्रमण करते हुए अजय पाल स्टेडियम में पहुंचा। अजय पाल स्टेडियम में क्षेत्रीय सांसद एवं क्षेत्रीय विधायक नगर परिषद अध्यक्ष सीता सरोज गुप्ता व अतिथियों ने भगवान की पूजा अर्चना की रामलीला समिति द्वारा सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया इसके पश्चात सभी दुर्गा प्रतिमाओं को पुरस्कार भी रामलीला समिति द्वारा प्रदान किया गया एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी जिसमें एसडीएम आलोक मार्को, एसडीओपी राजीव सिंह भदोरिया, नायब तहसीलदार धनीराम अहिरवार, नगर निरीक्षक बखत सिंह, सीएमओ राजेंद्र सिंह, विद्युत प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह, एवं 10वीं 12वीं की मेरिट में प्रदेश में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी रामलीला समिति द्वारा मंच से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने अपने विकास कार्यों की जानकारी दी एवं उन्होंने कहा कि मैं तो प्रतिवर्ष दशहरा में आता हूं और यहां का शानदार प्रोग्राम होता है अजय पाल स्टेडियम का और विकास किया जाएगा एवं क्षेत्र में भी विकास की गंगा बहाई जाएगी। रामलीला समिति के संरक्षण के संजय सुल्लेरे द्वारा विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह से मांग की गई की अजयगढ़ में अजय पाल लोक या सरस्वती माता लोक की घोषणा की जाए तब उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्रीय सांसद मौजूद है वहीं इसकी घोषणा करेंगे। राम रावण का संवाद के बाद अहंकारी रावण के प्रतीक को तीर मार कर धूं धूं कर कर जलाया गया इस तरह से अहंकारी रावण के प्रति का दहन किया गया।

# 40 फीट ऊंचे रावण दहन से जनमानस मंत्रमुग्ध

नवभारत न्यूज

**देवेंद्रनगर/पन्ना 3 अक्टूबर। असत्य पर सत्य की विजय का पर्व विजयादशमी इस वर्ष देवेंद्रनगर में अभूतपूर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। 15-20 वर्षों में पहली बार रिकॉर्ड तोड़ भीड़ उमड़ी और अनुमानित 20,000 से अधिक लोग परिवार सहित इस भव्य आयोजन के साक्षी बने।**



समदरिया मैदान सतना रोड पर देर रात तक आयोजित कार्यक्रम में बच्चों और बालिकाओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। चल समारोह में वनवासी श्रीराम की भव्य झांकी रथ पर सजी, जिसमें लक्ष्मण, हनुमान, सुग्रीव, विभीषण, अंगद, जामवंत और वानर सेना आकर्षण का केंद्र बने।

इसके अलावा चमन क्लब, सोनू कुशवाहा, संसारी कुशवाहा, रामबाबू कुशवाहा व भूरा चौधरी द्वारा निर्मित झांकियों ने लोगों को विशेष रूप से प्रभावित किया। सभी उत्कृष्ट झांकियों और विभागीय सहयोगियों को स्मृति चिन्ह और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। दशहरा उत्सव समिति ने राजस्व विभाग, नगर परिषद, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, विद्युत विभाग और पुलिस विभाग को विशेष रूप से सम्मानित किया। थाना प्रभारी रामआसरे सोनकर मय स्टाफ ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाए रखा। कार्यक्रम में विधायक डॉ. राजेश वर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष शिवांगी गुप्ता, तहसीलदार ज्योति सिंह राजपूत, के.के. तिवारी सीएमओ, उमेश पाण्डेय और शुभम तिवारी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# सकारात्मक विचार ही परिवार के लिए सुरक्षा कवच : ब्रह्माकुमारी



नवभारत न्यूज

**पन्ना 3 अक्टूबर। अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस पर ब्रह्मा कुमारीज विद्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया ब्रह्माकुमारी बहन ने सभी बुजुर्गों को शुभकामना देते हुए उनके स्वस्थ रहने की कामना की, यह कार्यक्रम संगम - गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन अभियान के तहत हुआ।**

आपने कहा कि वृद्धावस्था संतुष्टता की आयु है इस आयु में कोई इच्छा नहीं रह जाती है, वृद्धावस्था सिर्फदातापन की ही है उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था में साक्षी भाव बहुत जरूरी है बुजुर्गों का असली कार्य केवल उमंग उत्साह बढ़ाना है बुजुर्गों की वाणी हमारे लिए वरदान होती है बुजुर्गों के सकारात्मक विचार घर परिवार के लिए सुरक्षा कवच बन जाते हैं बुजुर्ग कभी स्वयं को अकेला ना समझे बुजुर्ग परिवार के आधार है बुजुर्ग घर की शान है। घर की रौनक है बुजुर्गों का सम्मान ही जीवन में खुशहाली प्रदान करता है बुजुर्गों का घर बैठना ही परिवार को सुरक्षा प्रदान करता है। इस अवसर पर सभी वृद्ध जनों का सम्मानित किया गया ईश्वरी उपहार भेंट किए गए सभी बुजुर्गों ने आंतरिक शांति एवं आंतरिक शक्ति का अनुभव किया कार्यक्रम की सराहना की।

# नवागत कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों की ली परिचयात्मक बैठक

नवभारत न्यूज

**पन्ना 3 अक्टूबर। नवागत कलेक्टर ऊषा परमार ने शुक्रवार को विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ समय सीमा में आमजनों तक पहुंचाने तथा महत्वपूर्ण निर्माण परियोजनाओं एवं विकास कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।**



जिला कलेक्टर ने आगामी 7 एवं 8 अक्टूबर को भोपाल में प्रस्तावित कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के मद्देनजर विभाग से संबंधित कार्यों की अद्यतन जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जल जीवन मिशन, कृषि, जनजातीय कार्य विभाग सहित स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में क्रियान्वित गतिविधियों के बारे में पूछा।

नवागत जिला कलेक्टर द्वारा जिला अस्पताल की समस्याओं सहित वन विभाग के विषयों से संबंधित प्रकरणों, विभिन्न योजनाओं में विभागवार प्रगति तथा भावांतर योजना के क्रियान्वयन की रूपरेखा, खाद व बीज उपलब्धता व वितरण की स्थिति सहित राजस्व एवं भू-अर्जन प्रकरणों, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चिन्हांकित ग्रामों के विकास की कार्ययोजना तथा पशुपालन एवं डेयरी विभाग की दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के बारे में जानकारी प्राप्त कर परिणाममूलक प्रयास करने की बात कही।

कलेक्टर श्रीमती परमार ने कलेक्ट्रेट की विभिन्न शाखाओं के कर्मचारियों के साथ भी चर्चा की तथा सकारात्मक सोच के साथ शासकीय दायित्वों का निर्वहन करने तथा जनता से जुड़े प्रकरणों को लंबित न रखने की अपेक्षा की। इसके अलावा किसी भी समस्या पर वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराने और निर्धारित नियम के तहत कार्य करने की लिए कहा। इसके अलावा विभिन्न कार्यालयीन समस्याओं के निराकरण के लिए भी समय पर अपेक्षित प्रयास की बात कही।

## सोयाबीन के भावांतर योजना में कृषकों का पंजीयन 17 तक

नवभारत न्यूज

**सतना 03 अक्टूबर। मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले में 2 अक्टूबर 2025 से ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन किया जाना है। जिसमें विभाग द्वारा संचालित सोयाबीन हेतु भावांतर योजना के प्रावधानों एवं लाभ पर वाचन होना है।**

उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास आशीष पाण्डेय ने बताया कि जिले में भावांतर योजनांतर्गत कृषकों का पंजीयन ई-उपार्जन पोर्टल पर 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2025 तक तथा फसल विक्रय हेतु भावांतर अवधि 24 अक्टूबर 2025 से 15 जून 2026 तक होगी। सोयाबीन का भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 5328 रूपये प्रति क्विंटल है। भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा राज्य के मण्डी के माडल भाव, विक्रय मूल्य के अंतर की राशि कृषकों को प्रदाय किये जाने का प्रावधान है। किसान पूर्व की तरह अपनी उपज मण्डियों में बेचेंगे। एमएसपी और मंडी मॉडल भाव, विक्रय मूल्य के बीच के अंतर की राशि का सीधे किसान के खाते में भुगतान किया जायेगा।

## अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण की तिथि बढ़ी

पन्ना 3 अक्टूबर। शिक्षण सत्र 2025-26 में अशासकीय विद्यालयों के मान्यता नवीनीकरण की तिथि में वृद्धि की गई है।

अब अशासकीय विद्यालय मान्यता नवीनीकरण के लिए विशेष विलंब शुल्क 10 हजार रूपए की राशि सहित आवेदन कर सकेंगे। मान्यता नवीनीकरण का पोर्टल 29 सितम्बर से प्रारंभ किया गया है। इसकी अंतिम तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

# वन विभाग में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के उपलक्ष्य में कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**पन्ना 3 अक्टूबर। दक्षिण पन्ना वनमण्डल के पवई वन परिक्षेत्र अंतर्गत वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला जूही में बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई।**



इस अवसर पर विद्यार्थियों को चटाई एवं बैग भी वितरित किए गए, जिससे उन्हें शिक्षा और जागरूकता दोनों में सहयोग मिलेगा। इसी क्रम में ग्राम वन समिति खतवार एवं बहरखेड़ा में समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें ग्रामीणों को वन्य प्राणी संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व के संदेश को और मजबूत किया गया।

वन परिक्षेत्र मोहन्द्रा में वनरक्षक अरविंद विश्वकर्मा द्वारा ग्राम वन समिति मोतिडोल के सदस्यों को वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह अभियान के अंतर्गत बाँस की चटाई, वॉलीबॉल, सोलर लैम्प एवं क्रिकेट किट प्रदान किए गए। इससे ग्रामीणों में पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता के साथ-साथ खेलकूद एवं स्वच्छ ऊर्जा के प्रयोग को भी बढ़ावा मिला।

# नवागत कलेक्टर ऊषा परमार ने पदभार ग्रहण किया

नवभारत न्यूज

**पन्ना 3 अक्टूबर। नवागत कलेक्टर ऊषा परमार ने शुक्रवार को सुबह कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर पन्ना कलेक्टर का पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान कलेक्टर एवं चंबल संभागायुक्त बनाए गए सुरेश कुमार ने नवागत जिला कलेक्टर को पदभार ग्रहण कराया और कार्यभार सौंपा।**




इस मौके पर पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, डीएफओ गर्वित गंगवार एवं अनुपम शर्मा, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, तहसीलदार अखिलेश प्रजापति सहित अन्य अधिकारीगण एवं जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा भी उपस्थित रहे। नवागत कलेक्टर श्रीमती परमार का अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया एवं कलेक्टर पद पर पहली पदस्थापना पर बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी गईं। उल्लेखनीय है कि गत 30 सितम्बर को सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के 24 अधिकारियों के स्थानांतरण आदेश जारी किए गए थे। आदेश अनुसार अपर आयुक्त भोपाल संभाग के पद पर पदस्थ रहीं एवं वर्ष 2011 बैच की आईएएस अधिकारी श्रीमती परमार को पन्ना कलेक्टर बनाया गया है, जबकि जिला कलेक्टर पद पर पदस्थ रहे वर्ष 2010 बैच के आईएएस अधिकारी सुरेश कुमार को पदोन्नत कर विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी सह कमिश्नर चंबल संभाग मुरैना के पद पर पदस्थापना की गई थी। पदभार ग्रहण के दौरान नवागत कलेक्टर ने अधिकारियों से संक्षिप्त चर्चा की और आगामी कार्ययोजना के बारे में भी अवगत कराया।

# विजयादशमी पर पुलिस लाइन में पारंपरिक शस्त्र पूजन समारोह

नवभारत न्यूज

**पन्ना 3 अक्टूबर। विजयादशमी (दशहरा) के पावन अवसर पर पुलिस लाइन पन्ना में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला शस्त्र पूजन कार्यक्रम इस वर्ष भी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।**



कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, कलेक्टर सुरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान, एसडीएम पन्ना संजय नागवंशी, एसडीओपी पन्नाएस.पी. सिंह बघेल, थाना रक्षित निरीक्षक खिलावन सिंह कंवर, यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक नीलम लक्ष्यकार, थाना प्रभारी कोतवाली सहितसहित जनप्रतिनिधि एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। आकर्षक रूप से सुसज्जित पंडाल में शस्त्रों और शासकीय वाहनों का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन-अर्चन किया गया। इसके पश्चात परंपरा अनुसार हर्ष फायर की रस्म ने समारोह की गरिमा और भव्यता को और बढ़ाया। मुख्य अतिथि विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि शस्त्र पूजन केवल परंपरा ही नहीं बल्कि सुरक्षा, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है। उन्होंने पुलिस विभाग की अनुशासनप्रियता और सामाजिक-धार्मिक समन्वय की इस परंपरा की सराहना की।

# गांधी जयंती पर खेलकूद सामग्री वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**पन्ना 3 अक्टूबर। आज 02 अक्टूबर को सेवा पर्व के अंतिम दिवस एवं गांधी जयंती के अवसर पर दक्षिण पन्ना वनमण्डल में खेलकूद सामग्री (क्रिकेट किट, बैडमिंटन किट, फुटबॉल, वॉलीबॉल), चटाई वितरण एवं विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। वनों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा, संयुक्त वन प्रबंधन समितियों की भूमिका और संरक्षण के महत्व पर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।**



ग्राम वन समितियाँ चुनगुना, अधराड़ी, कोठी, हरदुआ, मड़वा, जमुन्हा, सराईखेड़ा, बारी, मोहन्द्रा और रमपुरा में भी सेवा पर्व अंतर्गत सामुदायिक उपयोग हेतु सामग्री का वितरण किया गया। वन परिक्षेत्र कल्दा में सारंगपुर और सलैया समारी ग्राम समितियों में सामग्री वितरण के साथ मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व और वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विगत दिनों में भी अनेक गतिविधियाँ संपन्न हुईं। शाहनगर परिक्षेत्र अंतर्गत शासकीय कन्या शाला बिसानी में वृक्षारोपण हुआ। इसी प्रकार ग्राम नुनागर के शिव मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया। मोतीडोल ग्राम में पौधारोपण एवं जला डुंगरी के मंदिर परिसर में सफाई अभियान किया गया। बोरी ग्राम में कन्या भोज एवं चटाई वितरण कर स्वच्छता की शपथ ली गई।

रैपुरा परिक्षेत्र में घुटेही और सागौनी समितियों में फुटबॉल व चटाई वितरण के साथ स्वच्छता अभियान आयोजित हुआ। इसी क्रम में बिरवाही ग्राम में शिक्षा, स्वास्थ्य और वन संरक्षण पर संवाद कार्यक्रम रखा गया, जिसमें उप वनमण्डल अधिकारी नितिन निगम, प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक विनोद, विद्या और हरितिका सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मोबाइल फोन के माध्यम से युवक के साथ दो लाख की ऑनलाइन ठगी

## अमानगंज पुलिस ने दर्ज किया मामला, शुरू हुई जांच

नवभारत न्यूज

**पन्ना 3 अक्टूबर। मोबाइल से ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं कम जानकार लोगों को यह ठग झटका देकर एक बार नहीं बल्कि अनेक बार ठग लेते हैं ऐसा ही मामला पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना मुख्यालय अमानगंज से प्रकाश में आया है।**

घटना के विषय में ज्ञात हुआ है कि फरियादी कैलाश प्रजापति पिता रामकिशुन प्रजापति उम्र 28 निवासी वार्ड नं. 03 इन्द्राकॉलोनी ने अमानगंज थाना पहुंचकर शिकायती पत्र देकर बताया कि मैं अपने ट्रेक्टर से मकान निर्माण मटेरियल ढोने का कार्य करता हूँ! हाल दिनांक 25 सितंबर को ट्रेक्टर मैं ईंट लेकर पगरा निवास का पता बताते हुए अपरचित अनावेदक पगरा निवासी मो. 8306870384 के कहने पर ईंट लेकर गया तो अनावेदक वहाँ नहीं मिला। जब उक्त मो. नबर पर फोन लगाया की ईंट कहाँ डालना है। तो अनावेदक बोला की मैं पगरा मैं नहीं हूँ फिर बोला की मैं मोवाइल नबर 8221848413 पर बात करो तो मैंने बात की तो मो. 8221848413 का उपभोक्ता बोला की अपना फोन पे0 नबर दो। जैसे ही मैने फोन पे0 दिया तो अनावेदक बोला की तेरे खाते पर रुपये कम हैं, आपके खाते पर कम से कम 20000 रूपये होने चाहिए तो मैने अपने खाते को बीस हजार दूसरे डलवा कर अनावेदक को फोन लगाया तो अनावेदक ने अपना स्कैन कोड भेजा जिसमें बीस हजार पहले से ही लिखे आये और मेरे कोड नबर डालते ही पहले 20000/रु कटे और अनावेदक ने पैसा फसने के धमकी देकर मेरे खाते पर फिरसे बीस हजार कहीं से रखने को कहा और इस प्रकार 20000/रु चार बार और 10000 / रु चार बार फिर 5000/रु तथा और अलग- अलग ट्रांजेशन मैं कुल 129600/रु धोखाधड़ी के साथ के काट लिए। तब मेरे साथी अनिल प्रजापति मो. 7000208134 उक्त स्थान पर मेरे कहने से पहुँचे तो अनावेदक फोन पर अनिल प्रजापति से बोला की जो आपके रुपये कट गये हैं तो कैलाश प्रजापति के खाते में कुछ तकनीकी खराबी है। जिससे मैं आपके खाते में डाल देता हूँ। और अनिल प्रजापति के भी अनावेदक ने उक्त हरकत को दोहराते हुए पहली बार 50000रु और 12400 दूसरी बार कुल 62400/रु धोखाधड़ी के साथ काट लिए। जिससे अनावेदक ने दोनों आवेदकों के खाते से कुल 192400/रु काट लिए। फरियादी की सूचना पर अमानगंज थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत साइबर सेल को अलर्ट किया और ठगों से वापस पैसे आवेदक के खाते में वापस करवाए साथ ही पुलिस थाना प्रभारी श्रीमती माधवी अग्निहोत्री ने जनता को सचेत करते हुए कहा कि यदि किसी के साथ आनलाइन धोखाधड़ी की घटना होती है तो बिना विलंब के 1930 पर या नजदीकी थाना और बैंक में सूचना दें।